दिन— रविवार

दिनांक— 28 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः— 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जून के महीने में, स्वदेशी सी—295 विमान की पहली उड़ान के साथ ही भारत ने विमानन क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि इस समय देश में ऐसे 40 और विमान बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र और एयरोस्पेस क्षेत्र को तेजी मिल रही है, रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इस महीने कोलकाता में तीन युद्धपोतों—दूनागिरी संशोधक और अग्रय का जलावतरण किया गया। उन्होंने कहा कि भारत समुद्र से लेकर आकाश तक लगातार अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए कहा इस बार यह आयोजन दुनिया भर में ढ़ाई हजार से अधिक जगहों पर हुआ। भारत में योग दिवस में करोड़ों लोगों ने भागीदारी की है। श्री मोदी ने कहा कि, पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए उनकी अपील पर कुछ जगहों पर देशवासियों ने एकजुटता का परिचय दिया और सोने की खरीद तथा विदेशी यात्रा को कुछ समय के लिए टाल दिया। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय लोग इस वैश्विक संकट का मिलकर मुकाबला कर रहे हैं। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी की इस शक्ति से देश मजबूत होगा और सफलता मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश के करोड़ों परिवारों को दुर्घटना बीमा दे रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत महज बीस रूपए के वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा मिल रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में श्री मोदी ने कहा कि इस स्कीम के तहत दुखद मृत्यु की स्थिति में निकटतम परिजन को दो लाख रूपए तक का बीमा दिया जाता है और इसके लिए सालाना सिर्फ 436 रूपए का प्रीमियम देना होता है। श्री मोदी ने लोगों से अपील की कि वे इन स्कीमों के बारे में अपने परिवारों के साथ चर्चा करें।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय की चर्चा करते हुए कहा कि एक नए अवतार के रूप में यह भारत का भाग्य गढ़ रहा है। श्री मोदी ने दो वर्ष पूर्व नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का लोकार्पण किया था। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय में शास्त्रार्थ की प्राचीन परंपरा को फिर से जीवित किया गया है। उन्होंने इस पहल के लिए नालंदा विश्वविद्यालय को बधाई दी और दूसरे विश्वविद्यालयों से भी ऐसी पहल पर विचार करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या आज एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास करने अपील की है। अंत में, प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के संबंध में कहा कि वर्षा जल की एक–एक बूंद को बचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैच द रेन अभियान में जरा भी ढिलाई नहीं होने देनी चाहिए।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड के टेटिया पंचायत से पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा प्रत्येक महीने पंचायत स्तर पर इस दिवस के आयोजन से पंचायतों के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास कार्यों को इससे गति मिलेगी। पंचायतीराज विभाग की ओर से प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इनमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया गया।

———————————————————————————

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज राज्य के विभिन्न केन्द्रों पर केन्द्रीय चयन परिषद की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है। विभिन्न जिला प्रशासन ने कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये है। वहीं, रेलवे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज भी कई परीक्षा विशेष ट्रेन चला रहा है।

———————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में दक्षिण—पश्चिम मानूसन की सक्रियता से हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, अररिया, कटिहार, बांका, भागलपुर, समेत राज्य के उत्तर—पूर्वी भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने राजधानी पटना और आस पास के क्षेत्रों में भी हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————————————

समाप्त